# रेडियोधर्मी और ख़तरनाक पदार्थ आपदा प्रतिक्रिया

**पृष्ठभूमि:**

रेडियोधर्मी और/या ख़तरनाक पदार्थों का निर्मोचन, चाहे जानबूझ कर किया जाए या दुर्घटनावश हो, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ख़तरा पैदा कर सकता है। निर्मोचन उस आस-पास के इलाक़े में बड़े पैमाने पर जन निकासी का कारण बन सकता है जहाँ निर्मोचन हुआ हो, या निवासियों को आश्रय-स्थल के बारे में सूचित किया गया हो।

**रेडियोधर्मी और ख़तरनाक पदार्थों का संदूषण:**

अनायास होने वाला संपर्क और संदूषण निम्नलिखित हो सकता है:

- **बाहरी:** बाहरी संदूषण त्वचा या कपड़े पर हो सकता है, जहाँ से वह अन्य लोगों और वस्तुओं को संदूषित करते हुए, कुछ मात्रा में गिर सकता है या मला जा सकता है।

**या**

- **आंतरिक:** आंतरिक संदूषण, शरीर के अंदर अनपेक्षित रेडियोधर्मी पदार्थ होता है जो कुछ खाने, साँस लेने या त्वचा के कटने-फटने से अंदर प्रवेश कर सकता है। शरीर के भीतर जाने के बाद, रेडियोधर्मी पदार्थ कई स्थलों तक पहुँच सकता है (उदा. अस्थि मज्जा), जहाँ वह विकिरण उत्सर्जित करना तब तक जारी रखता है जब तक कि उसे हटाया न जाए या वह विघटित न हो जाए। आंतरिक संदूषण को दूर करना अधिक कठिन होता है।

**रेडियोधर्मी और/या ख़तरनाक पदार्थों का निर्मोचन होने की स्थिति में:**

- ☐ घटना के बारे में अधिकारियों को तुरंत सूचित करें।
- ☐ जहाँ छलका हो उस क्षेत्र से दूर रहें।
- ☐ मुँह और नाक को किसी कपड़े या चेहरे के सर्जिकल मास्क से ढक लें।
- ☐ पालतू जानवरों को अंदर ले आएँ।
- ☐ यदि जगह खाली करने के लिए कहा जाए तो, ऐसा करें और अपने पालतू जानवरों को अपने साथ ले जाएँ।
- ☐ अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए निकास मार्गों का अनुसरण करें (शॉर्टकट आपको संभवतः अधिक ख़तरे में डाल सकते हैं)।
- ☐ एक आपातकालीन "निकास-किट" सुलभ रखें। निकास किट बनाने का तरीक़ा जानने के लिए www.72hours.dc.gov पर जाएँ।
- ☐ यदि आश्रय ग्रहण करने के लिए कहा जाए, तो घर को सीलबंद करें ताकि संदूषक घर में प्रवेश न कर सके।
- ☐ सभी खिड़कियाँ और दरवाज़े बंद करें।

कोलम्बिया गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट
निर्माता:
होमलैंड सेक्यूरिटी एंड एमर्जेन्सी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA)

**पिछला संशोधन: नवंबर, 2011**

# रेडियोधर्मी और ख़तरनाक पदार्थ आपदा प्रतिक्रिया

- वेंटिलेशन सिस्टम बंद कर दें (बाहरी हवा से संपर्क काट दें)।
- अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त करने और निर्देश जानने के लिए रेडियो या टी.वी. सुनते और देखते रहें।

कोलम्बिया गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट
निर्माता:
होमलैंड सेक्यूरिटी एंड एमर्जेन्सी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA)

**पिछला संशोधन: नवंबर, 2011**